आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

बृहस्पतिवार 06.06.2024

**मुख्य समाचार :–**

● केंद्र में सरकार गठन को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने नई दिल्ली में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की।

● सरकार ने प्रदेश के सरकारी दफ्तरों का अधिकतम कार्य ई–ऑफिस के माध्यम से करने के निर्देश दिए।

● प्रदेश में चारधाम यात्रा पूरे उत्साह के साथ जारी, अबतक 17 लाख 85 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने चारों धामों के दर्शन किए।

● और... मौसम विभाग ने आज उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**एनडीए**

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए द्वारा नई सरकार गठन को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की। इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पीयूष गोयल, मनसुख मांडविया, प्रहलाद जोशी, अश्विनी वैष्णव भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग, पार्टी नेता विनोद तावड़े और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। जनता दल यूनाइटेड के कई नेताओं ने भी दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर बैठक की। ये बैठकें एनडीए नेताओं द्वारा सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नेता चुनने के एक दिन बाद हुईं।एनडीए गठबंधन में शामिल दलों के संसदीय दल की बैठक कल नई दिल्ली में होगी। इस बैठक में भाजपा, टीडीपी, जेडीयू, एलजेपी (आर), शिवसेना (शिंदे गुट), जेडी (एस) और अन्य सहयोगी दलों के नवनिर्वाचित सांसदों के शामिल होने की उम्मीद है।इससे पहले एनडीए की कल हुई बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर कहा गया कि श्री मोदी के नेतृत्व में देश में हर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास हुआ है। प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि देश की जनता ने छह दशकों के बाद लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ एक मजबूत नेतृत्व को चुना है

**इंडिया गठबंधन**

उधर, इंडिया गठबंधन के नेताओं के बीच आज नई दिल्ली में बैठकों का दौर जारी रहा। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी और पार्टी नेता डेरेक ओ ब्रायन ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की। आम आदमी पार्टी नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने शिव सेना (यूबीटी) नेता संजय राउत के साथ बैठक की। कल नई दिल्ली में इंडिया गठबधंन नेताओं के कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर पहली बैठक आयोजित हुई थी।

**शपथ ग्रहण कवरेज**

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने एक बैठक में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह से पहले राष्ट्रपति भवन में कवरेज के लिए सेट–अप की समीक्षा की। इसमें सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू, प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी, आकाशवाणी की महानिदेशक मौसमी चक्रवर्ती और दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कल नई दिल्ली में आयोजित एक बैठक में एनडीए गठबधंन के नेता और प्रधानमंत्री के लिए नरेंद्र मोदी के नाम का सर्वसम्मति से समर्थन किया था।

## भाजपा

उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने आज देहरादून में राज्य की जनता का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि ये चुनाव ऐतिहासिक होने के साथ विकसित भारत के निर्माण और श्रेष्ठ व विकसित उत्तराखंड की दिशा में आगे बढ़ने का जनादेश है। पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य की पांचों लोकसभा सीटों पर भाजपा को मिली जीत का अंतर 2019 के मुकाबले लगभग बराबर है।

## कांग्रेस समीक्षा

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा है कि कांग्रेस राज्य की पांचों लोकसभा सीटों पर मिली पराजय के कारणों की तलाश कर जल्द ही समीक्षा करेगी। आज देहरादून में पत्रकारों से बातचीत में श्री माहरा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हार को लेकर हर पहलुओं का आकलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी प्रभारियों से इसकी रिपोर्ट मांगी गई है और रिपोर्ट आने के बाद हार की समीक्षा की जाएगी।

## ई–ऑफिस

प्रदेश के सरकारी दफ्तरों का अधिकतम कार्य ई–ऑफिस के जरिए किया जाएगा। अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने आज देहरादून में आयोजित विभिन्न विभागों की बैठक में ई–ऑफिस के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव ने प्रदेश में हवाई सेवाओं के विस्तार पर जोर देते हुए अधिकारियों से पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों पर हवाई सेवाएं विकसित करने को कहा। बैठक में स्वरोजगार केंद्रों की स्थापना और सुदृढ़ीकरण की जानकारी देते हुए बताया गया कि राज्य के 13 रोजगार केंद्रों को भी स्वरोजगार केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है तथा इन स्वरोजगार केंद्रों को लाइब्रेरी, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग व अन्य सुविधाओं से आच्छादित किया जाएगा। इसके अलावा पंचायत राज अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष 250 पंचायत भवन बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस पर अपर मुख्य सचिव ने पूरी कार्ययोजना बनाकर उसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही श्री बर्द्धन ने प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों में फर्नीचर की आपूर्ति शीघ्र करने को कहा।

## चारधाम यात्रा

प्रदेश में चारधाम यात्रा पूरे उत्साह के जारी है। यात्रा के लिए बड़ी संख्या में देश के विभिन्न प्रांतों से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है।

अबतक 17 लाख 85 हजार से अधिक श्रद्धालु चारों धामों के दर्शन कर चुके हैं। सर्वाधिक 6 लाख 95 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने केदारनाथ की यात्रा की है, जबकि 4 लाख 25 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने बदरीनाथ धाम के दर्शन किए हैं। वहीं उत्तरकाशी स्थित यमुनोत्री और गंगोत्री धाम में दर्शन करने वाले भक्तों का आंकड़ा 6 लाख 40 हजार से अधिक हो गया है। उधर, चमोली जिले में स्थित हेमकुंड साहिब यात्रा भी पूरे उत्साह के साथ चल रही है। चमोली जिला प्रशासन के अनुसार अबतक 37 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने हेमकुंड साहिब में भजन–कीर्तन कर दर्शन किए हैं। शासन–प्रशासन ने यात्रा मार्गों और मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। प्रशासन ने ठहराव पड़ावों पर पानी, बिजली, आराम करने के लिए प्रतिक्षालय और शौचालय समेत सभी मूलभूत व्यवस्थाएं की हैं। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि पूरे यात्रा मार्ग पर होम गार्ड, पुलिस और एसडीआरएफ के अधिकारियों व जवानों को तैनात किया गया है। इसके अलावा चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों की लगातार स्वास्थ्य जांच की जा रही है।

**बाढ़ नियंत्रण समीक्षा**

उत्तराखंड शासन–प्रशासन ने आगामी मॉनसून की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए प्रदेश के मंत्री लगातार उच्च अधिकारियों के साथ बैठकें

कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा–निर्देश दे रहे हैं। इसी क्रम में आज सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण और हरिद्वार जिले के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने जिले में अधिकारियों के साथ बैठक की। श्री महाराज ने मॉनसून काल को ध्यान में रखते हुए शहरों का मास्टर ड्रैनेज प्लान तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने सिंचाई विभाग के सचिव को हरिद्वार में भगत सिंह चौक पर पानी की निकासी के लिए प्राथमिकता से बजट आवंटित करने और हरिद्वार के निचले क्षेत्रों में जल निकासी के प्रबन्धन करने को कहा। श्री महाराज ने मैदानी क्षेत्रों में पानी निकासी के लिए पम्प की व्यवस्थाएं करने और संवेदनशील क्षेत्रों में भू–कटाव रोकने के लिए कट्टों में रेत भरकर रखने के निर्देश दिए।

**अवैध खनन**

उत्तरकाशी जिले में अवैध खनन रोकने के लिए जिला प्रशासन आवश्यक कार्रवाई कर रहा है। इसके लिए जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने अधिकारियों को नदी ड्रेजिंग पट्टों और स्टोन क्रशरों के संचालन में नियमों का पालन करने के निर्देश दिए हैं। अवैध खनन रोकने के लिए जिला मुख्यालय में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने निर्धारित मानकों के अनुसार राजस्व जमा न करने और अवैध खनन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। जिलाधिकारी ने क्रशर प्लांटों पर चालान, स्टॉक,

निकासी, सीसीटीवी फुटेज और खनन सामग्री परिवहन में उपयोग वाहनों का नियमित सत्यापन करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वन विभाग के अधिकारियों से भी अवैध खनन के मामलों पर कड़ी निगरानी रखकर कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने निर्माण कार्यों में उपयोग खनन सामग्री के लिए कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जमा की गई रॉयल्टी का सत्यापन करने को भी कहा

**मौसम**

प्रदेश में आज सुबह से मौसम साफ बना रहा। अधिकांश जिलों में धूप खिली रही। इस बीच, मौसम विभाग ने आज उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट और राज्य के अन्य जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार कल भी प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। वहीं, प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर कल शाम से देर रात तक हल्की से मध्यम बारिश हुई। बारिश के चलते तापमान में कमी होने से लोगों ने भीषण गर्मी से राहत महसूस की।

## वट सावित्री व्रत

प्रदेश भर में आज वट सावित्री व्रत श्रद्धा भाव से मनाया जा रहा है। ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को मनाये जाने वाले इस पर्व में महिलाएं अपने पति और परिवार की सुख शांति के लिए वट वृक्ष की पूजा करती हैं। चंपावत में आज सुहागिनों ने वट सावित्री का व्रत रख पति की दीर्घायु की कामना की। हरिद्वार में विभिन्न जगह पर महिलाओं ने सुबह से ही वट वृक्ष की पूजा–अर्चना की और बरगद के पेड़ की परिक्रमा कर रक्षा सूत्र बांधा। महिलाओं ने वट वृक्ष के नीचे बैठ कर सत्यवान और सावित्री की कथा भी सुनी। मान्यता है कि वट वृक्ष की विधि विधान से पूजा–अर्चना करने से सुहागिनों को अखंड सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद मिलता है। पुराणों के अनुसार वट सावित्री व्रत वट वृक्ष के मूल में ब्रह्मा, मध्य में विष्णु और अग्रभाग में शिव का वास माना गया है।

## सहस्त्रताल ट्रेक

उत्तरकाशी के सहस्त्रताल ट्रेक पर फंसे पर्वतारोहियों का राहत और बचाव अभियान आज पूरा हो गया है। 22 सदस्यीय दल में से नौ पर्वतारोहियों की खराब मौसम के कारण ट्रेक पर फंसने और रास्ता भटक जाने से मृत्यु हो गई, जबकि प्रशासन ने 13 ट्रेकर्स को सुरक्षित बचा लिया है।